## अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांकः 20.01.2026 को जनपद कानपुर देहात में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन परियोजनाओं की आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक 20.01.2026 को विकास भवन सभागार में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन हर घर जल कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद कानपुर देहात में फेज–2 व फेज–3 चरण में क्रियान्वित की जा रही विभिन्न ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं की समीक्षा की गयी जिसमें निम्न अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

1. श्री टी0आर0 कटारिया, अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात।
2. श्री संजय सिंह, सहायक अभियन्ता,
3. श्री रामचन्द्र शुक्ला, सहायक अभियन्ता,
4. श्री अखण्ड प्रताप गहलोत, सहायक अभियन्ता,
5. समस्त जूनियर इंजीनियर।
6. टी0पी0आई0 टीम, कानपुर देहात।
7. डी0पी0एम0यू0 टीम कानपुर देहात।
8. श्री रामाराव, मैं0 इण्डियन हूयम पाइप लि0, सहायक महाप्रबन्धक।
9. श्री हेमन्त तिवारी, मैं0 जी0वी0पी0आर0 लि0, सहायक परियोजना प्रबन्धक।
10. श्री वॉमसी कृष्णा, मैं0 वी0एस0ए0–एस0सी0एल0 लि0 परियोजना प्रबन्धक।
11. श्री सन्दीप शुक्ला मैं0 वी0टी0एल0–गाजा लि0 परियोजना प्रबन्धक।

समीक्षा बैठक में स्थिति निम्नवत् पाई गयीः–

1. **निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं की प्रगतिः–** अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कानपुर देहात में कार्यदायी संस्था क्रमशः मैं0 इण्डियन हूयम पाइप लि0, मैं0 जी0वी0पी0आर0 लि0, मैं0 वी0एस0ए0–एस0सी0एल0 लि0 एवं मैं0 वी0टी0एल0–गाजा लि0 है। मैं0 इण्डियन हूयम पाइप लि0. के द्वारा वर्तमान तक 122 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 83 नग, मैं0 जी0वी0पी0आर0 लि0 के द्वारा वर्तमान तक 186 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 97 नग, मैं0 वी0एस0ए0–एस0सी0एल0 लि0, के द्वारा वर्तमान तक 167 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 30 नग, मैं0 वी0टी0एल0–गाजा लि0. के द्वारा वर्तमान तक 29 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 05 नग पेयजल योजनाए इस प्रकार जनपद में कुल 504 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 215 नग योजनाए वर्तमान तक पूर्ण की जा चुकी है। समीक्षा के दौरान पाया गया कि जनपद अन्तर्गत नामित 04 नग कार्यदायी संस्थाओं में से मैं0 वी0एस0ए0–एस0सी0एल0 लि0 एवं मैं0 वी0टी0एल0–गाजा लि0 की प्रगति सन्तोषजनक नही है जिसके दृष्टिगत् प्रगति में तीव्रता प्रदान करने हेतु सम्बन्धित एजेन्सी एवं अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया है।

   साथ ही अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निर्देश दिये गये है कि 215 नग पूर्ण पेयजल योजनाओं की टी0पी0आई0, डी0पी0एम0यू0 टीम एवं जल निगम के द्वारा स्थलीय सत्यापन कर यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि प्रगति में प्रर्दशित सभी योजनाए पूर्ण है।



Scanned with OKEN Scanner

2. **उच्च शिरोपरि जलाशयः—** अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में मैं0 इण्डियन हूयम पाइप लि0 के द्वारा 122 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 121 नग अवर जलाशय पूर्ण, मैं0 जी0वी0पी0आर0 लि0. के द्वारा 181 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 155 नग अवर जलाशय पूर्ण, मैं0 वी0एस0ए0—एस0सी0एल0 लि0 के द्वारा 167 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 98 नग अवर जलाशय पूर्ण, एवं मैं0 वी0टी0एल0—गाजा लि0 के द्वारा 29 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 05 नग अवर जलाशय पूर्ण किये गये है इस प्रकार जनपद कानपुर देहात मे कुल 499 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 379 नग अवर जलाशय पूर्ण है। समीक्षा के दौरान पाया गया कि जनपद अन्तर्गत नामित 04 नग कार्यदायी संस्थाओं में से मैं0 वी0एस0ए0—एस0सी0एल0 लि0 एवं मैं0 वी0टी0एल0—गाजा लि0 की प्रगति सन्तोषजनक नही है जिसके दृष्टिगत् प्रगति में तीव्रता प्रदान करने हेतु सम्बन्धित एजेन्सी एवं अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया है।

तत्क्रम मे यह भी निर्देश दिये गये है कि मैं0 वी0एस0ए0—एस0सी0एल0 लि0 एंव मैं0 वी0टी0एल0—गाजा लि0 के द्वारा कार्यो को गुणवत्ता पूर्वक एंव समयबद्वता के साथ पूर्ण करायें।

3. **नियमित जलापूर्ति पेयजल योजनाः—** अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 504 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 316 नग पेयजल योजनाओं में शिरोपरि जलाशय के माध्यम से एवं 59 नग पेयजल योजनाओं में नलकूप के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। इस प्रकार जनपद कानपुर देहात में 375 नग पेयजल योजनाओं से ग्रामवासियों को जलापूर्ति की जा रही है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देश दिये गये कि जिन पेयजल योजनाओं में जलापूर्ति की जा रही है उनमें नियमित रूप से जलापूर्ति उपलब्ध रहे एवं योजना के अन्तिम गृह संयोजन में भी पर्याप्त मात्रा में जलापूर्ति किया जाना सुनिश्चित करें।

4. **आटोमेंशन—इन्ट्रीग्रेशन एवं लाइव कनेक्टेड योजनाएः—** अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात के द्वारा अवगत कराया गया कि समस्त कार्यदायी संस्थाओं को आंवटित 504 नग पाइप पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 259 नग पेयजल योजनाओं पर आटोमेंशन—इन्ट्रीग्रेशन का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। उक्त के सम्बन्ध मे अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निर्देश दिये कि अवर जलाशय में पानी भरा जाना तो प्रदर्शित हो रहा है परन्तु जलापूर्ति का समय प्रदर्शित नही हो रहा है, जिसका प्राविधान पोर्टल पर किया जाना अति आवश्यक है।

5. **अनुरक्षण एंव संचालन योजनाएः—** अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात के द्वारा अवगत कराया गया कि समस्त कार्यदायी संस्थाओं को आंवटित 504 नग पाइप पेयजल योजनाओं के सापेक्ष वर्तमान तक 215 नग पेयजल योजनाए पूर्ण कर लिया गया है। 215 नग पूर्ण योजनाओं के सापेक्ष 165 नग योजनाए मे अनुरक्षण एवं संचालन का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है जिसको दृष्टिगत् रखते हुये अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देश दिये गये है कि उक्त सभी पूर्ण योजनाओं को अनुरक्षण एवं संचालन के लिये तैयार कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।



Scanned with OKEN Scanner

**परियोजनाओं की गहन समीक्षा के उपरान्त उपरोक्त के अतिरिक्त यह भी निर्देश दिये गये जिसका विवरण निम्नवत् है:–**

1. वर्तमान समय मे जिन पेयजल योजनाओं मे ग्रामवासियों को जल आपूर्ति उपलब्ध करायी जा रही है भविष्य मे भी नियमित रूप से जलापूर्ति रहे एंव जलापूर्ति से सम्बन्धित शिकायतो का निराकरण समयान्तर्गत कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।
2. जिन पेयजल योजनाओं पर विद्युत आपूर्ति बाधित है, उसके सम्बन्ध में विद्युत विभाग से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही की जाये।
3. मैं0 वी0एस0ए0–एस0सी0एल0 लि0 एंव मैं0 वी0टी0एल0–गाजा लि0 को मैन पावर बढाकर प्रगति बढाने एंव गुणवत्तापूर्ण कार्य कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये।
4. पेयजल योजनाओं में सम्मिलित जो ग्राम हर घर जल घोषित हो गये है उनका हर घर जल प्रमाणीकरण तीव्रतापूर्वक कराये जाने हेतु समस्त एजेन्सियों एवं अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया है।
5. समस्त कार्यदायी संस्थाए पाइप लाइन बिछाये जाने उपरान्त तोडी गयी समस्त सड़कों को तीव्र गति के साथ माइक्रो प्लान बनाकर सड़कों की मरम्मत कराया जाना सुनिश्चित करें।
6. पूर्ण की गयी 215 नग पेयजल योजनाओं की सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी से सम्पर्क कर स्काडा–आटोमेन्शन इत्यादि कार्यो का सत्यापन कराना सुनिश्चित करें ताकि पोर्टल पर दर्शायी गयी पूर्ण योजनाओं की सत्यता की जानकारी की जा सके।
7. समस्त कार्यदायी संस्थाए माह मार्च–2026 तक योजनावार माइक्रो प्लान तैयार कर समस्त कार्यो को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
8. योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित समस्त कार्यो की थर्ड पार्टी के द्वारा रिपोर्ट आने के उपरान्त ही भुगतान किया जाना सुनिश्चित करें।

(विधान जायसवाल)
**मुख्य विकास अधिकारी**
**कानपुर देहात।**

पत्रांक दिनांक

**प्रतिलिपि–निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।**

1. जिलाधिकारी महोदय, कानपुर देहात।
2. अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि समीक्षा बैठक के दौरान दिये गये निर्देशों का अनुपालन करना सुनिश्चित करें।
3. टी0पी0आई0 टीम, कानपुर देहात।
4. डी0पी0एम0यू0 टीम कानपुर देहात।
5. मैं0 इण्डियन ह्यूम पाइप लि0, सहायक महाप्रबन्धक।
6. मैं0 जी0वी0पी0आर0 लि0, परियोजना प्रबन्धक।
7. मैं0 वी0एस0ए0–एस0सी0एल0 लि0 परियोजना प्रबन्धक।
8. मैं0 वी0टी0एल0–गाजा लि0 परियोजना प्रबन्धक।

**मुख्य विकास अधिकारी**
**कानपुर देहात।**



Scanned with OKEN Scanner